भारत सरकार

पंचायती राज मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3713

दिनांक 16 जुलाई, 2019 को उत्तरार्थ

पंचायत चुनाव

†3713. श्री राजू बिष्ट:

क्या **पंचायती राज** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या मंत्रालय को जानकारी है कि जीटीए क्षेत्र (पहले डीजीएचसी), दार्जिलिंग, पश्चिम बंगाल में वर्ष 2005 के बाद से अब तक पंचायत चुनाव नहीं हुए हैं;

(ख) उन राज्यों का ब्यौरा क्या है जहां वर्ष 2005 के बाद से अब तक पंचायत चुनाव नहीं हुए हैं;

(ग) निर्वाचित पंचायत निकायों की अनुपस्थिति में जमीनी स्तर की योजनाओं को सरकार द्वारा किस प्रकार कार्यान्वित करने की योजना है; और

(घ) सरकार ने उक्त राज्य में उन स्थानों पर पंचायत प्रणाली को बहाल करने के लिए क्या कदम उठाए हैं जहां पंचायत चुनाव नहीं हुए हैं?

उत्तर

पंचायती राज मंत्री
(श्री नरेन्द्र सिंह तोमर)

(क) जी, हां।

(ख) वर्तमान में जिन राज्यों में पंचायत चुनाव लंबित हैं, उनका विवरण निम्नानुसार है:

क्रम संख्या	राज्य	महीना और वर्ष जब से चुनाव लंबित हैं
1	आंध्र प्रदेश	ग्राम पंचायत: अगस्त 2018 ब्लॉक पंचायत: अप्रैल, 2019 जिला पंचायत: अप्रैल, 2019
2	अरुणाचल प्रदेश	मई, 2018
3	तमिलनाडु	अक्टूबर, 2016

(ग) 'पंचायत' राज्य का विषय है और पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव राज्यों द्वारा उनके संबंधित पंचायती राज अधिनियमों के तहत सम्पन्न किए जाते हैं। स्थानीय निकायों के चुनाव के लिए, राज्यों ने राज्य चुनाव आयोगों की स्थापना भी की है। ग्राम पंचायत स्तर की योजनाओं को उन ग्राम पंचायतों के लिए भी लागू किया जा रहा है, जहां चुनाव नहीं हुए हैं।

(घ) पंचायती राज मंत्रालय नियमित रूप से राज्यों को पंचायतों के चुनाव नियमित और समय पर कराने की सलाह देता है।

****